भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 495

उत्तर देने की तारीख 21 जुलाई, 2022 (गुरुवार)

30 आषाढ़, 1944 (शक)

प्रश्न

एनईएसआईडीएस के अंतर्गत परियोजनाएं

495. श्री सैयद नासिर हुसैन:
श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2017 से अब तक उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के अंतर्गत राज्य-वार और वर्ष-वार कुल कितनी परियोजनाओं को संस्वीकृत और पूरा किया गया;

(ख) वर्ष 2017 से अब तक एनईएसआईडीएस के अंतर्गत राज्य-वार और वर्ष-वार कितनी बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है;

(ग) क्या गैर-व्यपगत केंद्रीय संसाधन पूल (एनएलसीपीआर) के अंतर्गत सभी परियोजनाओं को मार्च 2020 से पहले पूरा कर लिया गया था, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) वर्ष 2017 से अब तक सरकार को उत्तर पूर्वी क्षेत्र में विकास के लिए कुल कितने समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्राप्त हुए हैं और उनका राज्य-वार और वर्ष-वार मूल्य क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 3,392.99 करोड़ रुपये की 145 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें से 20-07-2022 की स्थिति के अनुसार राज्य सरकारों से 50.90 करोड़ रुपये की 02 परियोजनाओं के पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त हो गए हैं । एनईएसआईडीएस के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा नीचे तालिका-I और तालिका-II में दिया गया हैः-

तालिका-I					
					(करोड़ रु. में)
क्र.सं.	राज्य	स्वीकृत परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं	
		संख्या	लागत	संख्या	लागत
1.	अरुणाचल प्रदेश	29	623.87	0	0
2.	असम	33	880.82	0	0
3.	मणिपुर	18	341.32	1	29.94
4.	मेघालय	12	340.50	0	0
5.	मिजोरम	17	345.38	0	0
6.	नागालैंड	17	333.62	1	20.96
7.	सिक्किम	8	214.51	0	0
8.	त्रिपुरा	11	312.97	0	0
	कुल	**145**	**3,392.99**	**2**	**50.9**

तालिका-II			
			(करोड़ रु. में)
क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत परियोजनाएं	
		संख्या	लागत
1.	2018-19	37	1,119.55
2.	2019-20	36	601.62
3.	2020-21	17	491.71
4.	2021-22	55	1,180.11
	कुल	**145**	**3,392.99**

(ख) एनईएसआईडीएस के अंतर्गत 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निम्नलिखित तीन परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं:-

			(करोड़ रु. में)
क्र.सं.	परियोजना	स्वीकृति की तिथि	लागत
1.	त्रिपुरा में 132 केवी सुरजमणिनगर सब-स्टेशन को 400 केवी में अपग्रेड करना	07-10-2019	120.88
2.	दीयुंगमुख, हाफलोंग तिनाली और पनिमूर, असम के रास्ते लंका से उमरांगसो तक डबल लेन रोड का निर्माण	04-05-2021	227.17

3.	आइजोल, मिजोरम की वैकल्पिक गुरुत्वाकर्षण जल आपूर्ति स्कीम	04-12-2018	114.2

(ग) जी नहीं। अव्यपगत केन्द्रीय संसाधन पूल (एनएलसीपीआर) स्कीम के अंतर्गत 17,470.99 करोड़ रुपए की 1,642 स्वीकृत परियोजनाओं में से 20.07.2022 तक 10,919.76 करोड़ रुपए की 1,278 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। परियोजनाओं का पूरा होना विभिन्न कारकों द्वारा प्रभावित होता है जिनमें कामकाजी मौसम, परियोजनाओं के स्थलों के स्थिति, स्थानीय स्थितियां आदि शामिल हैं जो हर परियोजना में भिन्न-भिन्न होती हैं।

(घ) वर्ष 2017 से अब तक उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सांविधिक क्षेत्रीय योजना निकाय पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) ने कृषि, संस्कृति, शिक्षा, पर्यटन आदि के क्षेत्रों में लगभग 13.28 करोड़ रुपये की राशि के आठ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

*****